भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3003
जिसका उत्तर गुरुवार, दिनांक 29 अगस्त, 2013 को दिया जाना है

इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड के कर्मचारी

3003. श्री एम. बी. राजेश:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड के कर्मचारियों की भविष्य निधि (पी.एफ.) और ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान काफी लम्बे समय से बकाया है;

(ख) यदि हां, तो क्या पलक्काड़ में स्थानीय प्रबंधन नियमित रूप से कर्मचारियों के भविष्य निधि अंशदान की राशि का संग्रह और अन्तरण कर रहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इन निधियों का अन्य प्रयोजनों हेतु विपथन कर दिया जाता है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(च) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रफुल पटेल)

(क): जी, हां। भविष्य निधि अक्तूबर, 2010 से देय है। तथापि, जून, 2013 तक देय ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान कर दिया गया है।

(ख)और(ग): जी हां, नियमित रूप से संग्रह और अंतरण किया जा रहा है। वर्ष 2013-14 के दौरान पलक्काड़ इकाई से इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड कर्मचारी भविष्य निधि न्यास को अंतरित भविष्य निधि अंशदान का ब्यौरा निम्नवत है:

माह	भविष्य निधि राशि लाख रु. में
अप्रैल 2013	32.87
मई 2013	34.11
जून 2013	33.91
जुलाई 2013	32.87
अगस्त 2013	32.52

(घ): जी, नहीं।

(ङ)और(च): उपर्युक्त (ख) और (ग) को देखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता।

*****